रविवार
30 अप्रैल, 2023
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक



दारू पार्टी के बहाने पंचायत समिति सदस्य को बुलाया और पांच गोली मार की हत्या 2

## खबरें फटाफट

### बहनों से दुर्व्यवहार करने वालों को हो फांसी: केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर धरने पर बैठे पहलवानों से मिले। केजरीवाल ने कहा कि बहनों के साथ दुर्व्यवहार करने वालों को फांसी की सजा होनी चाहिए है। सीएम अरविंद केजरीवाल ने जंतर मंतर पर प्रदर्शन कर रहे पहलवानों से मुलाकात की। कहा कि जो भी भारत देश से प्यार करता है, वो पहलवानों के साथ खड़ा है। पूरा देश पहलवानों के साथ है। दरअसल कई दिनों से पहलवान जंतर मंतर पर बृजभूषण सिंह पर यौन उत्पीड़न और धमकाने का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

### भू-सर्वे से जुड़े मामलों में 3 बार से अधिक न हो सुनवाई: सचिव

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव ने कहा है कि भूमि सर्वे से संबंधित मामलों में सुनवाई 3 बार से अधिक नहीं होनी चाहिए। अधिकतम तीन बार की सुनवाई के बाद सर्वे अधिकारियों को अपना फैसला लिखित रूप में दे देना है। फैसले से पीड़ित पक्ष अगले चरण में अपनी बात रखने के लिए स्वतंत्र होगा। लेकिन महीनों सुनवाई के नाम पर मामले को लंबित रखने की कोशिश स्वीकार नहीं की जाएगी। अपर मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा ने सभी बंदोबस्त पदाधिकारियों को ऐसे कर्मियों को चिन्हित करके तत्काल सेवा मुक्त करने का निदेश दिया।

**रामनवमी जुलूस के बाद भड़की सांप्रदायिक हिंसा की घटना पर पुलिस ने की कार्रवाई**

# सासाराम में हुई हिंसा मामले में बीजेपी के पूर्व विधायक जवाहर प्रसाद गिरफ्तार

- शुक्रवार की देर रात लक्ष्करीगंज स्थित आवास से पुलिस ने पूर्व विधायक को किया गिरफ्तार
- सासाराम में हुए उपद्रव मामले में अब तक कुल 63 आरोपितों की हुई है गिरफ्तारी

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के सासाराम में बीते दिनों हुई हिंसा के मामले में पुलिस ने बीजेपी के पूर्व विधायक जवाहर प्रसाद को गिरफ्तार किया है। सांप्रदायिक हिंसा के मामले में जवाहर प्रसाद को उनके घर से गिरफ्तार किया गया है। रामनवमी जुलूस के बाद सासाराम में हिंसा, पत्थरबाजी और आगजनी मामले में पुलिस की कार्रवाई जारी है। मामले में नामजद आरोपियों पर आत्मसपर्मण के लिए दबीश भी जारी है। इस क्रम में सासाराम के पूर्व विधायक और वरिष्ठ बीजेपी नेता जवाहर प्रसाद की गिरफ्तारी हुई है। पुलिस शुक्रवार देर रात पूर्व विधायक के लक्ष्करीगंज स्थित आवास पर पहुंची और उन्हें अपने साथ गिरफ्तार कर ले गई। पूर्व विधायक की गिरफ्तारी की पुष्टि शाहाबाद के डीआईजी नवीन चंद्र झा ने की है। डीआईजी ने कहा कि पूर्व विधायक जवाहर प्रसाद को गिरफ्तार किया गया है, रोहतास पुलिस ने मीडिया को बताया कि सासाराम शहर में 31 मार्च को हुए उपद्रव मामले में 28 अप्रैल तक कुल 63 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। वहीं दो अभियुक्तों ने कोर्ट में सरेंडर किया। वहीं मोहम्मद शाहनवाज आलम उर्फ लखानी की भी गिरफ्तारी की गयी है।



### बीजेपी के पूर्व नगर अध्यक्ष भी हो चुके हैं गिरफ्तार

बता दें कि रामनवमी जुलूस के बाद हुई हिंसा और पत्थबाजी मामले में बीजेपी के तीन नेताओं ने गत 17 अप्रैल को शिवसागर थाने में सरेंडर किया था। तीन सरेंडर करने वालों में डॉ शिवनाथ चौधरी, सोनू सिन्हा और रॉबिन केसरी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि शिवनाथ चौधरी और सोनू सिन्हा सासाराम नगर बीजेपी के अध्यक्ष पद पर रह चुके हैं जबकि रॉबिन केसरी भी नगर बीजेपी में महत्वपूर्ण पद पर रहे हैं। डॉ शिवनाथ चौधरी, श्रीराम जन्मोत्सव कमेटी अध्यक्ष हैं। सोनू सिन्हा महामंत्री के पद पर हैं जबकि रॉबिन केसरी भी कमेटी के सदस्य हैं।

### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हमें फंसा रहे हैं: रविशंकर प्रसाद

पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने पटना में शनिवार को मीडिया से बातचीत में सासाराम में बीजेपी के पूर्व विधायक की गिरफ्तारी पर नीतीश सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि एक महीने बाद गिरफ्तारी का क्या मतलब बनता है? मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हमें फंसा रहे हैं। **विजय सिन्हा ने लगाया था फंसाने का आरोप:** मामले में दो दिन पहले ही नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा ने राज्य सरकार पर यह आरोप लगाया था कि हिंसा में भाजपा कार्यकताओं को निशाना बनाया और उन्हें विभिन्न मामलो में फंसाने की कोशिश की जा रही है।

### जवाहर प्रसाद सासाराम से पांच बार रहे हैं विधायक

जवाहर प्रसाद 5 बार सासाराम विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। 1990 में वह पहली बार विधायक बने थे। गत चुनाव में सासाराम विधानसभा सीट जदयू के खाते में चले जाने के कारण, वो चुनाव नहीं लड़े थे। लेकिन अगले विधानसभा चुनाव में भाजपा से उनकी एकबार फिर सशक्त दावेदारी मानी जा रही है। वहीं अब उनकी गिरफ्तारी के बाद भाजपा को बड़ा झटका लगा है।

### बोले सीएम... जो लोग दोषी होंगे उन्हें बख्शा नहीं जाएगा



सासाराम दंगे में बीजेपी के पूर्व विधायक की गिरफ्तारी पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने पहले ही कहा था कि जो लोग दोषी होंगे चाहे वह किसी भी दल के नेता हो उसे बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस सक्रिय थी, अपना काम कर रही थी और हम पहले ही निर्देश दे दिए थे। शुरू से ही इस पर पूरी तरह नजर बनाए हुए थे। उन्होंने कहा कि अब आगे आप ही लोग सब कुछ कहिएगा हम इसमें क्या कहें। नीतीश कुमार ने कहा "किसी के बारे में आरोप लगेगा, जांच होती है. पुलिस देखती है। कुछ भी होता है तो एक्शन होता है। किसी को रोका थोड़े जाता है। हमने कभी हस्तक्षेप किया है क्या?" नीतीश कुमार ने कहा कि बीजेपी लगातार सरकार पर आरोप लगा रही थी कि दंगे हो रहे हैं। सरकार काम नहीं कर रही है। हम तो बीजेपी की ओर ध्यान भी नहीं देते हैं। यहां पर कहीं कोई घटना होती है तो सब चीजों को देखा जाता है। बिहार में हाल में जिन दो जगहों पर जो भी हुआ तो इसमें देख लीजिए कितनी कार्रवाई हुई है। कुछ भी होता है तो हमारे यहां पुलिस और प्रशासन सतर्क रहती है। हमने प्रशासन को इस मामले में सख्त कदम उठाने के लिए कहा था। साफ निर्देश था कि एक-एक चीज को देखिए। कोई भी दोषी होगा तो वो जाएगा चाहे वो किसी दल का है। किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

### घटना के बाद से पुलिस बरत रही सख्ती

बिहार में रामनवमी जुलूस के दौरान नालंदा जिले के बिहारशरीफ और रोहतास जिले के सासाराम में हिंसा भड़क उठी थी। भड़की हिंसा पर लगाम लगाने के लिए पुलिस ने काफी सख्ती बरती और अफवाह फैलाने वालों पर कई कार्रवाई के निर्देश दिए थे। जिलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने कहा था कि आपत्तिजनक वीडियो व धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाले पोस्ट पर पैनी नजर रखी जाएगी। ऐसा करने वालों के साथ कोई नरमी नहीं दिखाई जाएगी। ऐसे लोगों से प्रशासन सख्ती से निपटेगा।

## बिहार में 21 हजार 391 पदों पर होगी सिपाहियों की बहाली

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार पुलिस में बंपर बहाली होने जा रही है। पुलिस मुख्यालय में शुक्रवार को एडीजी जेएस गंगवार ने इस वैकेंसी के बारे में जानकारी दी। जेएस गंगवार ने कहा कि कुल 21 हजार 391 पदों पर सिपाहियों की नियुक्ति होने जा रही है। इसके लिए गृह विभाग की ओर से रोस्टर क्लियर होने के बाद केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) को भेज दिया गया है। इतनी बड़ी संख्या में बिहार पुलिस में एक साथ सिपाहियों के पद पर कभी नियुक्ति नहीं हुई।

एडीजी जेएस गंगवार ने कहा कि इस पूरी बहाली में 7903 कुल पद महिलाओं के लिए रहेंगे। महिलाओं के लिए यह बहुत बड़ा मौका है। महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत आरक्षण है। इसके अलावा पिछड़े वर्ग की महिलाओं के लिए तीन प्रतिशत पद आरक्षित हैं। राज्य की महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने की दिशा में यह बड़ा कदम है।

**उम्र सीमा और परीक्षा के लिए योग्यता देखें:** इस प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लेने के लिए शैक्षणिक योग्यता इंटरमीडिएट रखी गई है। सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों के लिए 18 से 25 वर्ष और अन्य पिछड़ा, अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिए 18 से 27 वर्ष, महिलाओं के लिए 18 से 28 वर्ष, अनुसूचित जाति जनजाति के लिए 18 से 30 वर्ष आयु सीमा रखी गई है। गृह रक्षकों को इसमें छूट दी गई है। दो चरणों में परीक्षा होगी. लिखित परीक्षा और शारीरिक परीक्षण दोनों होंगी। इसलिए यह युवाओं के लिए बेहतर मौका है।

## बीमारी से परेशान होकर पिता ने ही की थी मासूम की हत्या

**केटी न्यूज/पटना**

दो दिन पहले कदमकुआं थाना के काजीपुर रोड नंबर दो में हुई ढाई माह की बच्ची की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर लिया है। मासूम अंशी की गला घोंटकर हत्या किसी और ने नहीं बल्कि उसके बाप भरत यादव ने ही की थी। दरअसल, बच्ची के दिल में छेद था, उसकी बीमारी पर काफी खर्च हो गया था। इसके लिए भरत ने कई लोगों से रुपये उधार लिए थे। वहीं, डॉक्टरों ने अभी और खर्च बताया था। इससे तंग आकर उसने अपनी बच्ची को मार डाला। शव को उसने किचन में रखे डिब्बे में बंद कर दिया था, ताकि रात होने पर उसे ठिकाने लगा सके। थानेदार बिमलेंदु कुमार ने बताया कि भरत यादव ने जुर्म कबूल लिया है।

पुलिस ने परिवार के सदस्यों से एक-एक कर पूछताछ की तो मालूम हुआ कि बच्ची को दिल की बीमारी थी। भरत अंडे बेचता था, बेटी की इलाज में काफी रुपये खर्च हो गए थे। इसकी जानकारी होने पर पुलिस को जांच की दिशा मिल गई। पुलिस साक्ष्य इकट्ठा करने के साथ भरत की हरकतों पर नजर रख रही थी। पूरी तरह से आश्वस्त होने पर उसे हिरासत में लिया। सख्ती से पूछताछ के बाद उसने जुर्म कबूल लिया।

## बिहार के डीजीपी को नीतीश ने चूड़ी पहना रखी है: सम्राट चौधरी

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी आज विभिन्न कार्यक्रमों में शरीक होने मुजफ्फरपुर पहुंचे। पत्रकारों के सवाल पर उन्होंने बड़ा बयान दिया है। बिहार में बढ़ती अपराधिक घटनाओं पर कहा कि बिहार के डीजीपी को सीएम नीतीश ने चूड़ी पहना रखी है जो चूड़ियां हमारी माताओं और बहनों के कलाई पर अच्छी लगती है । बिहार में जब तक पुलिस चूड़ी पहने रहेगी। तब तक यहां हत्या और आपराधिक वारदात होती रहेगी। पूर्व सांसद आनंद मोहन के रिहाई पर सम्राट चौधरी के कहा कि अपराधी अपराधी होता है। सरकार को उसके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए।



लेकिन आपको बता दें कि लालू यादव ने ही उन्हें फंसाया था और नीतीश कुमार ने ही सजा दिलाया था। उनसे जाकर पूछिए कि क्यों ऐसा किए हैं। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष इतने ही पर नहीं रुके। यह भी कहा कि सरकार निकम्मी हो चुकी है। सीएम नीतीश को अपना इस्तीफा सौंप देना चाहिए।

## गोपालगंज में हथियार के बल पर दुकानदार से सोने की चेन की लूट

**गोपालगंज।** गोपालगंज के कटेया थाना क्षेत्र के बहेरवा बाजार स्थित एक ज्वेलरी शॉप को आज दिनदहाड़े अज्ञात बदमाशों ने अपना निशाना बनाया। हथियार के बल पर ज्वेलरी दुकानदार से सोने की चेन लूट ली। घटना को अंजाम देकर मौके का फायदा उठा आसानी से फरार हो गए। बताया जाता है कि पीड़ित दुकानदार रोज की तरह शनिवार को अपने दुकान पर बैठा था। इसी बीच बाइक सवार दो बदमाश उसके दुकान पर ग्राहक बन कर पहुंचे। सोने के चैन लूट ली। पीड़ित दुकानदार हरिलाल वर्मा ने बताया की पहले एक बदमाश ग्राहक बन कर दुकान पर आया और सोने की चैन दिखाने को बोला, इसके बाद दूसरा भी ग्राहक बन कर आया इसी बीच हथियार भिड़ा कर 85 ग्राम सोने के दो चेन को लूट लिया।

## यूपी में आज कोई अपराधी सीना तानकर नहीं चल सकता: योगी

**एजेंसी/वाराणसी**

यूपी निकाय चुनाव से पहले शनिवार को वाराणसी पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ा बयान दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले से काफी बदलाव हुआ है। कानून व्यवस्था सुदृढ़ हुई है। आज कोई अपराधी या माफिया सीना तानकर नहीं चल सकता। कोई माफिया किसी नंद किशोर रूंगटा का अपहरण करने का दुःसाहस नहीं कर सकता। मुख्यमंत्री का यह बयान मुख्तार और अफजाल अंसारी को सजा सुनाए जाने के बाद आया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में किसी की का नाम लिए बगैर अपराधियों को संरक्षण देने वालों पर निशाना साधा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते 9 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने काशी को कर्मसाधना स्थली बनाकर



इसे नये कलेवर और काया के साथ वैश्विक मंच पर नई पहचान दी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि काशी में अब तीन गुना या चार गुना नहीं बल्कि कई गुना ज्यादा तेजी से विकास हो रहा है। सड़कों का चौड़ीकरण हो रहा है। शहर को चारों तरफ से फोर लेन की कनेक्टिविटी दी जा रही है।

**पूर्णिया में शुरू करेंगे बिहार की पहली वर्ल्ड क्लास क्रिकेट एकेडमी, चिह्नित स्थान का किया निरीक्षण**

# बिहार के युवाओं को क्रिकेट की ट्रेनिंग देंगे युवराज सिंह

**केटी न्यूज/पटना**

क्रिकेट में अपना करियर बनाने की चाहत रखनेवाले बिहार के युवाओं को अब क्रिकेटर युवराज सिंह खुद ट्रेनिंग देंगे। इस बात की घोषणा उन्होने खुद की है। एक कार्यक्रम में पूर्णिया पहुंचे युवराज सिंह ने कहा कि वह बिहार में अपनी क्रिकेट एकेडमी शुरू करने जा रहे हैं। जिसके लिए उन्होंने पूर्णिया में चिह्नित स्थान का निरीक्षण किया है। युवराज सिंह ने कहा कि यह बिहार का पहला क्रिकेट एकेडमी होगा। युवराज सिंह ने कहा कि इसमें वे खुद भी खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देंगे। ऐसे प्लेयर्स की परफॉर्मेंस मार्किंग के लिए नेशनल



लेवल के विशेषज्ञ और कोच समय-समय पर एकेडमी में प्रशिक्षण और चयन के लिए आएंगे। एकेडमी में खेलने वाले प्लेयर्स क्रिकेट की बारीकियों के साथ ही क्रिटिकल क्रिकेट के गुर सीखेंगे। स्टार क्रिकेटर ने कहा कि बिहार के बच्चों को क्रिकेट के गुर सीखने के लिए बिहार से बाहर जाने की जरूरत नहीं होगी। हमारी क्रिकेट एकेडमी में खेलने वाले प्लेयर्स को स्टेट, नेशनल और इंटरनेशनल क्रिकेट खेलने का मौका दिया जाएगा। देश में समय-समय पर आयोजित क्रिकेट शिविरों में एकेडमी के प्लेयर्स को जाने का मौका मिलेगा। अकादमी में बल्लेबाजी, गेंदबाजी, क्षेत्ररक्षण और विकेटकीपिंग के साथ-साथ शारीरिक फिटनेस और मानसिक शक्ति को बढ़ाने की ट्रेनिंग दी जाएगी। यहां लड़कों के साथ-साथ लड़कियों को भी ट्रेनिंग मिलेगी।

### युवराज ने अपने बचपन के अनछुए पहलुओं को किया साझा

युवराज ने अपने बचपन के अनछुए पहलुओं को साझा करते हुए कहा कि जब मैं छोटा था, तो मैंने उस वक्त एक चीज हमेशा गौर किया। वह ये थी कि छोटे शहरों से प्लेयर्स आकर उनके साथ स्ट्रगल करते थे। उनके साथ कई तरह की समस्याएं होती थी। इसी को जहन में रखते हुए उन्होंने छोटे शहर से ही अपने एकेडमी की शुरूआत की ठानी।



# नियमित दवा सेवन नहीं करने पर मरीजों के लिए अधिक खतरनाक हो जाता है टीबी: डॉ. पंकज

केटी न्यूज/गया

❒ प्रभारी सीडीओ ने साक्षात्कार में महत्वपूर्ण बातें बताईं

भारत सरकार ने देश से टीबी की बीमारी को हराने का संकल्प लिया है। वर्ष 2025 तक देश को टीबी मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। इस अभियान को जनआंदोलन बनाने का प्रयास है। जिला में टीबी के प्रति स्वास्थ्य विभाग जागरूकता लाने का हरसंभव प्रयास कर रहा है। साथ ही लोगों को टीबी मरीजों की मदद के लिए निक्षय मित्र बनने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। टीबी की लड़ाई में आम आदमी भी अपना योगदान दे सकता है। इसे लेकर संचारी रोग पदाधिकारी सह टीबी नोडल अधिकारी ने अपने साक्षात्कार में महत्वपूर्ण बात कही है।

**प्रश्नः टीबी क्या है और यह किसे होता है?**

**डॉ पंकजः** टीबी श्वसन प्रक्रिया को प्रभावित करने वाला एक संक्रामक रोग है। मायकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस नामक बैक्टीरिया के संक्रमण से टीबी होता है। टीबी का रोग किसी को भी हो सकता है। इसमें बच्चे, युवा, बुजुर्ग, महिला सभी शामिल हैं।

**प्रश्नः टीबी कैसे फैलता है? कैसे जानें कि व्यक्ति को टीबी है?**

**डॉ पंकजः** टीबी संक्रमित व्यक्ति के खांसने, छींकने अथवा थूकने के कारण उसके मुंह या नाक से निकलने वाले द्रव में टीबी बैक्टीरिया मौजूद होते हैं। ये बैक्टीरिया स्वस्थ्य लोगों तक पहुंच उनके फेफड़ों को संक्रमित करता है। रोगी को



लंबे समय तक खांसी रहता है। उसे बुखार, थकान, ठंड लगने, रात में पसीना आने, सीने में दर्द और सांस लेने में समस्या होती है। खासंने के दौरान बलगम में खून आता है।

**प्रश्नः यदि किसी व्यक्ति में लक्षण दिखे तो क्या करना चाहिए?**

**डॉ पंकजः** टीबी के लक्षण दिखने पर तुरंत अपने नजदीकी अस्पताल में स्वास्थ्यकर्मियों से संपर्क करना चाहिए। अपने क्षेत्र की आशा से संपर्क कर इसकी जानकारी दें। टीबी की पुष्टि के लिए बलगम जांच करायी जाती है। इसकी सुविधा सभी अस्पतालों में उपलब्ध है। टीबी की पुष्टि होने पर मरीज का तुरंत उपचार प्रारंभ कर दिया जाता है। जांच से लेकर दवा-इलाज सभी सुविधा निःशुल्क है।

**प्रश्नः टीबी मरीजों को कैसा भोजन लेना चाहिए?**

**डॉ पंकजः** टीबी रोगियों को उच्च प्रोटीन वाले भोजन लेना चाहिए। उच्च प्रोटीन वाले भोजन रोग प्रतिरोधी क्षमता को मजबूत करने का काम करते हैं। विटामिन ए, सी और ई से भरपूर खाद्य पदार्थ जैसे संतरा, कद्दू, आम, गाजर, अमरूद, आंवला, टमाटर, नट और बीज के अलावा अंडे, पनीर और सोयाबीन, चना, दाल, मांस मछली के अलावा मेबा, व दूसरे उच्च प्रोटीन वाले भोजन का सेवन करना बेहतर है।

**प्रश्नः निक्षय मित्र योजना के बारे में बतायें.**

**डॉ पंकजः** टीबी मरीजों की मदद के लिए निक्षय मित्र योजना चलायी गयी है। कोई भी व्यक्ति निक्षय मित्र बन टीबी मरीज को गोद ले सकता है। मरीज को समय-समय पर पौष्टिक आहार उपलब्ध कराता है और उन्हें नियमित दवा सेवन के प्रति जागरूक करता है। उन्हें योजनाओं की राशि दिलवाने में मदद करता है। जिला में कई जागरूक लोग निक्षय मित्र बन मरीजों की सेवा कर रहे हैं।

**प्रश्नः टीबी की दवा किसी ने बीच में छोड़ दी तो क्या होगा?**

**डॉ पंकजः** टीबी रोगी दवा सेवन में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतें। नियमित रूप से दवा का सेवन नहीं करने पर यह अधिक खतरनाक होता जाएगा। दवा के कोर्स को पूरा करना जरूरी है। दवा का सेवन बीच में छोड़ देने से एमडीआर टीबी हो जाता है जो और भी अधिक खतरनाक है।

**प्रश्नः क्या शहर में रहने वाले लोगों को भी टीबी का खतरा होता है**

**उत्तरः** जी हां। टीबी का संक्रमण किसी को भी हो सकता है। इसमें शहर और गांव की बात नहीं है। हां यह बात जरूर है कि ईंट भट्टा या खनन वाले क्षेत्र, कारखानों या बड़े उद्योग के आसपास के स्लम बस्ती, गांवों में मलीन बस्तियों या इसी प्रकार के दूसरे क्षेत्र में रहने वाले लोगों को इसका जोखिम अधिक होता है।

**प्रश्नः टीबी रोगियों के जीवनशैली पर थोड़ा प्रकाश डालें।**

**डॉ पंकजः** टीबी से उबरने के लिए नियमित दवा सेवन, पौष्टिक आहार और अच्छी जीवनशैली महत्वपूर्ण है। मरीजों को चाहिए कि वे प्रतिदिन हल्के व्यायाम जरूर करें। ताजी हवा लें, खाना खाने में जल्दबाजी नहीं करें। तेल मसाले वाले भोजन से बचें। ढ़ीले और आरामदेह कपड़े पहनें। अधिक से अधिक पानी पियें जिससे कि शरीर में पानी की कमी नहीं हो। इससे कफ बहुत अधिक गाढ़ा नहीं बनता। पेशाब का रंग भी सामान्य रहता है। शराब, धूम्रपान, खैनी, गुटखा, पान, गुल अथवा गुड़ाखू का इस्तेमाल बिल्कूल न करें।

## उदवंतनगर थाना क्षेत्र के बेलाउर गांव निवासी बीडीसी मेंबर दीपक कुमार गुप्ता को मारी गोली

# दारू पार्टी के बहाने पंचायत समिति सदस्य को बुलाया और पांच गोली मार कर दी हत्या

केटी न्यूज/आरा

जिले उदवंतनगर थाना क्षेत्र के बेलाउर गांव निवासी बीडीसी मेंबर दीपक कुमार गुप्ता को पार्टी के नाम पर बुलाने के बाद हत्या की गयी है। पार्टी में खाने-पीने के दौरान उनको ताबड़तोड़ पांच गोलियां मारी गयी। उन्हीं के पैसे से पार्टी में शराब मंगायी गयी और पीने के बाद उन्हीं को गोलियों से भून डाला गया। गांव के ही ऋषि चौधरी और सुमन सहित तीन-चार लड़कों पर हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा है। 40 वर्षीय पंसस दीपक कुमार गुप्ता बेलाउर गांव निवासी नंदकुमार साह उर्फ ढोढा के पुत्र थे। उनके परिजनों का कहना है कि चुनावी रंजिश में बूटन चौधरी और स्थानीय मुखिया इशारे पर एक साजिश के तहत घटना को अंजाम दिया गया है। पंस सदस्य दीपक कुमार गुप्ता की पत्नी और बेटे द्वारा यह आरोप लगाया जा रहा है। इधर, पुलिस मामले की छानबीन और आरोपितों की धरपकड़ में जुट गयी है। उसे लेकर एसपी द्वारा एएसपी चंद्रप्रकाश के नेतृत्व में टीम गठित कर दी गयी है। वहीं एफएसएल और डीआईयू की टीम भी अपने स्तर से तफ्तीश कर रही है। हत्या के बाद देर रात एसपी द्वारा घटनास्थल पर जाकर छानबीन की गयी थी।

उन्होंने पंसस के परिजनों से बात कर पूरी घटना की जानकारी ली। घटनास्थल का भी जायजा लिया। बता दें कि शुक्रवार की रात बेलाउर गांव में पंच सदस्य दीपक कुमार गुप्ता की गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी। हत्या की सूचना मिलते ही एएसपी और ट्रेनी डीएसपी सह उदवंतनगर थानाध्यक्ष काजल जायसवाल पहुंच गये थे। उसके बाद देर रात शव का पोस्टमार्टम कराया गया। एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि मामले की हर एंगल और बिंदु पर छानबीन की जा रही है। कुछ महत्वपूर्ण क्लू भी मिले हैं। वैज्ञानिक तरीके से भी जांच की जा रही है। उसके लिए एफएसएल की टीम बुलायी गयी थी। डीआईयू की भी मदद ली जा रही है। घटना में शामिल अपराधियों को चिन्हित कर लिया गया है। आपराधियों की गिरफ्तारी और कारणों का खुलासा करने के लिए एक टीम गठित कर दी गयी है। टीम अपना काम कर रही है। जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा और मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

**चुनाव के समय से मिल रही थी धमकी** : उदवंतनगर के बेलाउर गांव निवासी बीडीसी मेंबर दीपक कुमार गुप्ता के पीछे चुनावी रंजिश की बात कही जा रही है। पंसस के परिजन बूटन चौधरी हत्या की साजिश का आरोप लगा रहे हैं। पंससकी पत्नी और बेटे की ओर से यह आरोप लगाया जा रहा है। पंस सदस्य दीपक कुमार गुप्ता की पत्नी मीना देवी और पुत्र आयुष कुमार का कहना है कि चुनाव के समय से ही उनको धमकी दी जा रही थी। चुनाव में पंचायत समिति सदस्य के पद पर अपने प्रत्याशी की करारी हार से बूटन चौधरी नाराज चल रहे थे। उसे लेकर पूर्व में हमला भी किया गया था। एक बार गाली-गलौज और फायरिंग भी की गयी थी। हालांकि तब वह बच गये थे। उसके बाद हत्या की साजिश की गयी। पंस सदस्य के बेटे आयुष कुमार का कहना है कि उसके पिता बूटन चौधरी और मुखिया के प्रत्याशी को हराकर चुनाव जीत गये थे। तब से ही वह नाराज चल रहे थे। चुनाव में खड़ा नहीं होने का दबाव भी दिया जा रहा था। उसका कहना है कि ऋषि द्वारा बार-बार हत्या की धमकी दी जा रही थी। कह रहा था कि बूटन चौधरी द्वारा हत्या के लिए पांच लाख की सुपारी दी गयी है। इधर, पत्नी मीना देवी का कहना है कि चुनाव जीतने के दस रोज के बाद दरवाजे पर बुलाकर उनके पति के साथ गाली-गलौज की गयी थी। उसके कुछ समय बाद एक बार उन पर फायरिंग भी की गयी थी। हालांकि तब उनको गोली नहीं लग सकी थी और वह बाल-बाल बच गए थे।

**सुबह में फोन से बोला पार्टी करेंगे :** बीडीसी मेंबर दीपक कुमार गुप्ता को सुबह में दावत दी गयी। शाम में उनको घर से बुलाकर ले गये। उसके बाद गोली मारकर उनकी हत्या कर दी गयी। पत्नी मीना देवी ने बताया कि सुबह में ऋषि चौधरी ने फोन पर उनके पति से कहा था कि शाम में आइये पार्टी करेंगे। शाम करीब सात बजे वह उनके घर गया और उन्हें साथ लेकर चला गया। वहां उनके पति के पैसे से ही पार्टी की गयी। शराब मंगायी गयी और शराब पिलाने के बाद गोली मार दी गयी। इधर, पंसस के पुत्र आयुष कुमार ने बताया कि शुक्रवार की शाम उसके पिता अपने दरवाजे पर थे। तभी ऋषि सहित दो लोग आये और उसके पिता को साथ लेकर चले गए। उनके जाने के कुछ देर वह गया, तो देखा कि बूटन चौधरी और उनके भाई खड़े हैं। ऋषि वहीं बैठा था। पार्टी के दौरान बूटन चौधरी और ऋषि चौधरी सहित अन्य लोगों द्वारा उसके पिता को गोली मार दी गयी। उसके बाद सभी भाग गये।



### पिस्टल बनाने के विवाद की भी चर्चा

इधर, पंस सदस्य की हत्या के पीछे पिस्टल बनाने के विवाद की भी चर्चा है। उनकी पत्नी मीना देवी की ओर शुरू में इस बात की जानकारी दी गई थी। तब पत्नी मीना देवी की ओर से बताया गया था कि उनके पुत्र आयुष का आरा का रहने वाला एक दोस्त का अवैध पिस्टल खराब हो गया था। आयुष के कहने पर उसके दोस्त द्वारा बेलाउर गांव के ही ऋषि नामक युवक को दोस्त का पिस्टल बनाने के लिए दिया था। उसके बाद आयुष का दोस्त ऋषि से अपना पिस्टल दिलवाने का मांग कर रहा था। मीना देवी की मानें तो बताया कि करीब चार महीने से लगातार ऋषि से उसका पिस्टल लौटाने को कहा जा रहा था। यह भी कहा गया गया था कि अगर नहीं देना है, तो भी बोल दो। उसका पैसा दे दिया जायेगा। लेकिन ऋषि टालमटोल कर देता था। शुक्रवार की सुबह ऋषि ने कहा था कि शाम में पिस्टल दे दे दूंगा। तब उसने उनके पति से कहा कि शाम में आइये। पार्टी मनायेंगे और वहीं पर पिस्टल भी लौटा देंगे। शाम में ऋषि उनके पति को गांव में ही स्थित ठाकुर टोली में पार्टी मनाने के लिए ले गया था। तब उनके पिता अपने एक अन्य साथी के साथ ठाकुर टोली गए थे। तभी कुछ देर बाद उन्हें सूचना मिली कि उन्हें गोली मार दी गई है।

### रात किया गया पोस्टमार्टम शव से मिला दो बुलेट



बीडीसी मेंबर दीपक कुमार गुप्ता के शव का शुक्रवार की देर रात आरा सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया। उस दौरान शव से दो बुलेट बरामद किया गया। बताया जा रहा है कि पोस्टमार्टम के दौरान पंस सदस्य के परिजनों द्वारा नाराजगी भी जाहिर की गयी। पंसस के साले सुशील कुमार की ओर से पुलिस पर जबरन शव उठाकर ले जाने का आरोप लगाया गया है। बताया जा रहा है कि पंसस दीपक कुमार गुप्ता को पांच गोलियां मारी गयी है। उसमें दो गोली सिर में मारी गयी थी। वहीं घटनास्थल से शराब की एक बोतल, प्लास्टिक के कुछ ग्लास और खाने के कुछ सामान बरामद किए गए हैं। पंस सदस्य का शव लकड़ी की एक चौकी पर पड़ा था और खून बिखरा था।

### हत्या से घर में मचा कोहराम, पत्नी और बच्चे बेहाल

बेलाउर गांव निवासी पंचायत समिति सदस्य दीपक कुमार गुप्ता की हत्या से उनके घर में कोहराम मचा है। बताया जा रहा है कि पंसस दीपक कुमार गुप्ता अपने दो भाई और एक बहन में बड़े थे। उनके परिवार में पत्नी मीना देवी, पुत्र आयुष कुमार और एक पुत्री पल्लवी कुमारी है। वह मिठाई की दुकान चलाते थे और पहली बार पंचायत समिति सदस्य निर्वाचित हुए थे।

## सरेआम हाथ में हथियार लेकर फायरिंग करते युवक का वीडियो हुआ वायरल

**आरा।** भोजपुर जिले में सरेआम हाथ में हथियार लेकर फायरिंग करता एक युवक का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में उक्त युवक सरेआम हाथ में हथियार लहराते एवं फायरिंग करते नजर आ रहा है। वही यह वायरल वीडियो 14 अप्रैल के सुबह की बताई जा रही है। इस संबंध में स्थानीय थाना ने प्राथमिकी भी दर्ज कर ली है। लेकिन अभी तक हवाई फायरिंग कर रहे उक्त युवक को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी है। बता दें कि यह पूरा मामला जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के मिल्की ईश्वरपुरा गांव की है। जहां अहले सुबह एक युवक हाथ में हथियार लेकर घूमता नजर आता है। जिसे देखने के बाद स्थानीय लोग उसका वीडियो बनाने लगते हैं और उसका पीछा करने लगते हैं। तभी खुद का पीछा करता देख उक्त युवक द्वारा हवाई फायरिंग कर दी जाती है। फायरिंग करने के बाद उक्त युवक दौड़ कर भागने लगता है। फायरिंग की घटना के बाद स्थानीय ग्रामीण उसको पकड़ने के लिए उसका पीछा करने लगते हैं। लेकिन वह दौड़ कर भागने में सफल हो जाता है। जिसके पश्चात स्थानीय ग्रामीण द्वारा इसकी जानकारी स्थानीय थाना को दी जाती है और ग्रामीणों द्वारा लिखित आवेदन भी दिया गया है। लिखित आवेदन में कहा गया है कि हवाई फायरिंग करता उक्त शख्स शाहपुर थाना क्षेत्र के कि ईश्वरपुरा गांव का निवासी धनंजय तिवारी का पुत्र अभिमन्यु तिवारी है। फायरिंग कर अभिमन्यु तिवारी द्वारा गांव में दहशत फैलाया जा रहा है। लिखित आवेदन के अनुसार अभिमन्यु तिवारी ने कई लोगो पर भी गोलियां चलाई है।

लेकिन इस घटना में किसी लोगों को नहीं लगी है। वहीं इस विषय में भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार से जब पूछा गया तो उन्होंने बताया कि मुझे हर्ष फायरिंग की सूचना नहीं मिली है और ना ही थानाध्यक्ष द्वारा मुझे ऐसी सूचना दी गई है हालांकि अगर किसी भी शख्स द्वारा फायरिंग की गई है तो उस शख्स को गिरफ्तार करके उस पर जरूर कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### तीन दिन से लापता महिला का पोखरे से मिला शव

**आरा।** भोजपुर के संदेश थाना क्षेत्र के खंडोल गांव से तीन दिन से लापता महिला का शव बरामद किया गया है। उसका शव गांव में ही महावीर मंदिर के नजदीक स्थित पोखरे से शनिवार की सुबह बरामद हुआ। मृतका खंडोल गांव निवासी सरोज राम की 42 वर्षीया पत्नी रेणु देवी थी। वह गुरुवार की दोपहर से ही घर से गायब थी। सूचना पर पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। महिला की डूबने के कारण मौत होने की बात कही जा रही है। इधर, सरोज राम ने बताया कि उसकी पत्नी तीन रोज पहले दोपहर करीब 12 बजे घर से निकली थी। देर शाम तक वह घर वापस नहीं लौटी तो खोजबीन की गयी। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चल पाया था। इस बीच शनिवार की सुबह ग्रामीणों ने महावीर मंदिर के समीप पोखरे में उसका शव देखा। जानकारी मिलने पर वेलोग पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। उसके बाद शव को पोखरे से निकाला गया। पुलिस की मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट में महिला की मौत पानी में डूबने के कारण होने की आशंका जताई गई है। वैसे पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। बताया जा रहा है कि महिला को पुत्र विष्णु, भोला, रोहित और एक पुत्री रागनी है। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है।



### कल अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर आयोजित होगा विशेष विधिक जागरूकता कार्यक्रम

**जहानाबाद।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली के निदेर्शानुसार एक मई 2023 सोमवार को समय 11:00 अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार एवं जन साहस फाउंडेशन के सहयोग से जहानाबाद मखदुमपुर प्रखंड अंतर्गत मकरपुर पंचायत में एक विशेष विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा इस कार्यक्रम में श्रमिकों के हित एवं उनके उत्थान एवं सहयोग तथा लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से की जा रही है। कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता संजय कुमार सिन्हा एवं पारा विधिक स्वयंसेवक संतोष कुमार तथा स्थानीय मकरपुर पंचायत के मुखिया, सरपंच, वार्ड पार्षद, कार्यक्रम के टीम सदस्य के रूप में शामिल होंगे। जिला श्रम अधीक्षक को भी श्रमिकों के हित से संबंधित जानकारी देने के लिए आमंत्रित किया गया है।जन साहस फाउंडेशन के संस्थापक के द्वारा विशेष रुप से उनके द्वारा जो जनहित में सेवा एवं सहयोग की जाती है इस संदर्भ में विस्तार पूर्वक जानकारी दी जाएगी। प्राधिकार सचिव अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार समय-समय पर लोक कल्याणकारी योजनाओं, एवं लोक हितों से संबंधित विशेष विधिक जागरूकता कार्यक्रम एवं नियमित विधिक जागरूकता कार्यक्रम चलाते रहती है। आम जनों को सभी प्रकार की योजनाओं, अधिकारों की जानकारी हो और लाभान्वित हो इसी उद्देश्य से राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा यह कार्यक्रम देशभर में चलाया जाता है। आगामी 13 मई 2023 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय जहानाबाद में किया जा रहा है। आम जनों से आग्रह है अपने छोटे-छोटे मुकदमों को निस्तारण कराने के लिए प्राधिकार का सहयोग प्राप्त करें और विवाद मुक्त होकर शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाएं और नए समाज का निर्माण करें।

### 134 आरटीपीसीआर जांच में पाए गए दो पॉजेटिव

**सासाराम।** जिले में शनिवार को लगातार दूसरे दिन कोरोना के दो नए मामले सामने आए हैं। आज जारी हेल्थ अपडेट में बताया गया है कि पिछले 24 घंटों में जिले में दो नए कोरोना पॉजेटिव मिले हैं। अब जिले में कोरोना के सक्रिय मरीजों की संख्या बढ़कर 7 हो गई है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को दो नए मामले सामने आए थे। आज जारी हेल्थ अपडेट में बताया गया है कि पिछले 24 घंटों में 434 लोगों की जांच की गई, जिसमें जिसमें एंटीजेन 300 और आरटीपीसीआर 134 जांच किए गए। जिसमें दो कोरोना पॉजेटिव पाया गया हैं। सभी 7 सक्रिय मरिजों का इलाज होम आइशोलेशन में चल रहा है। सभी 7 रोहतास जिले के रहने वाले हैं। सिविल सर्जन डॉ केएन तिवारी ने कहा कि जिले में गत गत 20 दिनों में कोरोना के 18 माले सामने आए है। जिसमें 11 ठीक हो गए हैं, जबकि 7 का इलाज होम आइशेलेशन में चल रहा है। कहा कि सदर अस्पताल के कोविड जांच सेंटर में जांच बढ़ाने का निर्देश दे दिया गया है। सिविल सर्जन ने आम लोगों से भी कोरोना गाइड लाइंस का पालन करने की अपील की है। कहा कि जिले में नए मामले तेजी से सामने आ रहे हैं। ऐसे में पूर्व की भाति सावधानी की जरूरत है, लापरवाही भारी पड़ सकती है। सदर अस्पताल में किसी भी हालात से निपटने के लिए तैयार है।

### खाद दुकानदार से पांच लाख की छिनतई

**सासाराम।** नगर थाना क्षेत्र के पुरानी जीटी रोड पर शनिवार शाम बेखौफ बदमाशों ने लूट की घटना को अंजाम दिया है। खाद दुकानदार के कर्मी से पैसों से भरा बैग छीन कर भाग निकले। मामले में देर शाम नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भारत खाद भंडार का कर्मी पीएनबी मेन ब्रांच से पैसे लकर ऑटो से पुरानी जीटी रौउ पर जा रहा था, उसी सासाराम रैवे यार्ड के रैक पर जाना था। इस क्रम में वो बालू मंडी कुशवाहा सभा भवन के पास जैसे ही टेंपो से उतरा, पल्सर बाइक पर सवार दो लोग पहुंचे और उसके हाथ से रूपए से भरा बैग छीनकर भाग निकले। सबकुछ इतनी तेजी से हुआ कि दुकानदार का कर्मी जबतक कुछ समझता तबतक बाइक सवार बहुत दूर निकल चुके थै। उसने अपने मालिक को सूचना दी। इसके बाद नगर थाना पहुंच मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई। नगर थानाध्यक्ष ने बताया कि 5 लाख छीनैती की प्राथमिकी दर्ज की गई है, मामले की जांच की जा रही है। बताते हैं कि मौडीहा निवासी सेवानिवृत सरकारी कर्मी सुखदेव प्रसाद शास्त्री शहर के आनंदी सिनेमा के समीप स्थित पंजाब नेशनल बैंक से 50 हजार रुपए निकालकर गौरक्षणी के संतोषी मां पथ अपने घर जा रहे थे, इसी दौरान एक कार सवार चार अपराधियों ने पिस्टल के बल पर 50 हजार रुपए लूट कर फरार हो गए।

## भाजपा के सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के खिलाफ लोकतंत्र, आजादी और रोजी-रोटी के लिए वामदल चलाएंगे अभियान

# मोदी के 9 साल के राज में संविधान व लोकतंत्र का हो रहा चीरहरण

केटी न्यूज/जहानाबाद

भाजपा और संघ गिरोह के सांप्रदायिक फासीवाद, नफरत, घृणा की राजनीति के खिलाफ संविधान, धर्मनिरपेक्षता,लोकतंत्र आजादी और रोजी-रोटी तथा भाईचारा के लिए वामदलों का संयुक्त अभियान जहानाबाद जिला में चार से 31 मई तक चलाया जाएगा। सीपीएम कार्यालय में वामदलों - भाकपा माले, माकपा, भाकपा के नेताओं की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता सीपीएम के कार्यकारी जिला सचिव कामरेड दिनेश प्रसाद ने किया। बैठक में भाकपा माले के जिला सचिव कामरेड श्रीनिवास शर्मा, सीपीएम के जिला सचिव कामरेड राम प्रसाद पासवान, सीपीआई के राज्य परिषद सदस्य कामरेड अंबिका प्रसाद सिंह, सीपीएम के सचिव मंडल सदस्य कामरेड जगदीश यादव, सीपीआई नेता कामरेड अनिल कुमार आदि मुख्यतया शामिल थे।




बैठक में नेताओं ने कहा कि मोदी के 9 साल के राज में संविधान, लोकतंत्र का रोज चीरहरण हो रहा है। देश का मान -सम्मान बढ़ाने वाली महिला पहलवानों के साथ भाजपा सांसद यौन शोषण करता है। शिकायत दर्ज कराने के लिए जंतर मंतर पर आंदोलन करने तथा सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप करने पर दुराचारी भाजपा सांसद पर महज एक अदद केस होता है। मोदी राज में कानून-संविधान तार-तार हो गया है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की बात करने वाले मोदी और संघ गिरोह के लोग जब देश का मान बढ़ाने वाली बेटियों के साथ यौन शोषण करते है। तब इनकी कथनी-करनी और चाल-चरित्र रोज देश, दुनिया के सामने उजागर हो रहा है। मोदी सरकार देश बेचने का अभियान चला रही है। देशी-विदेशी कारपोरेट्स की नई जमींदारी कायम कराया जा रहा है। मोदी के मित्र कारपोरेट्स के लिए रोज अमृत की वर्षा हो रही है तो मजदूर, किसान, युवा, छात्र, दलित, आदिवासी, महिला समेत कर्मचारी और मेहनतकशों को विष पिलाया जा रहा है।

**नौकरशाहों की भाजपाई मानसिकता पर लगाम लगाने की मांगः** नेताओं ने 22 साल से ज्यादा समय से जेल में बंद भदासी घटना के सभी सजायाफ्ता बंदियों की रिहाई की मांग करते हुए नौकरशाहों की भाजपाई मानसिकता पर लगाम लगाने की मांग नीतीश सरकार से किया है। साथ ही, जहानाबाद नगर में वार्ड 9, 10 और दौलतपुर तथा रेलवे अंडर पास समेत शहर के दर्जनभर मुहल्लों में जलजमाव का शीघ्र निराकरण की मांग किया है।जिला प्रशासन और नगर परिषद जहानाबाद नगर की सबसे बड़ी समस्या जलजमाव से नागरिकों को मुक्ति दिलाना है तथा शहर के समग्र विकास के लिए मास्टर प्लान के तहत काम करने का सुझाव दिया है। नेताओं ने आरोप लगाया कि नगर विकास के नाम पर महालूट मचा हुआ है। जनाकांक्षा व जरूरतों के मुताबिक कार्य योजना बनाने के बजाए नगर परिषद के अफसरों और इंजीनियरों-ठेकेदारों के सांठगांठ से करोड़ों-करोड़ का वारा-न्यारा हो जा रहा है। यही कारण है कि छोटे-बड़े किसी भी जन समस्या का ठीक से समाधान नहीं होता है।

## खबरें फटाफट

### ट्यूशन पढ़कर लौट रही किशोरी से छेड़खानी

**कृष्णाब्रह्म।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव में ट्यूशन पढ़कर लौट रही एक किशोरी के साथ एक युवक द्वारा छेड़खानी किया गया। रोते बिलखते घर पहुंची किशोरी ने परिजनों को आपबीती सुनाई। इसके बाद उसके पिता ने उक्त युवक के खिलाफ पास्को ऐक्ट में एफआईआर दर्ज कराया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि पिता के बयान पर मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### महिला की पिटाई कर घर से उठा ले गये अनाज

**डुमरांव।** कोरानसराय थाना क्षेत्र के करुअज गांव में घर मे घुसकर एक महिला की पिटाई किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। महिला के जख्मी होने के बाद नामजद आरोपी घर मे रखे गये गेंहू, चावल और हजारों रुपये लेकर चलते बने। इस मामले में करुअज गांव की रहने वाले कन्हैया सिंह की पत्नी गीता देवी ने मारपीट कर घर मे लूटपाट करने का आरोप लगाते हुए पांच लोगों के खिलाफ स्थानीय थाने में आवेदन देकर नामजद केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान में जुट गयी है। पीड़िता ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि वह दोपहर के समय घर पर बैठी थी। इसी दौरान गांव के अमृतेश कुमार, रितेश कुमार, विश्वमित्र सिंह सहित अन्य लोग आ धमके और लाठी-डंडे से पिटाई कर घर मे रखे गये आठ बोरा गेंहू, पांच बोरा चावल के साथ 8500 रुपये लेकर चलते बने। जख्मी अवस्था मे ग्रामीणों के सहयोग से अस्पताल में लाया गया, जहां डॉक्टरों ने इलाज किया।

# दो मई से शुरू होगा शादी-विवाह का शुभ मुहूर्त, 36 दिनों तक बजेगी शहनाई

**केटी न्यूज/डुमरांव**



शादी-विवाह के लिए शुभ मुहूर्त बेहद खास होता है। दो मई के दिन से शुभ विवाह की शुरूआत होगी। इस बार दो मई से वर-वधू सात फेरे लेंगे और शहनाइयां बजने लगेंगी। मई से लेकर जून माह के 61 दिनों में कुल 36 दिन लग्न में शादी-विवाह के लिए शुभ मुहूर्त बताये जाते हैं। इस तरह दो माह में 36 दिन ही वर-वधू के लिए अच्छे संयोग बताये जाते हैं।

लग्न को लेकर शहर और ग्रामीण इलाके के मंडियों में रौनक बढ़ गयी है। वर और वधू पक्ष की ओर से तैयारियों का दौर शुरू है। होटल-लॉज और बैंड-बाजा की बुकिंग फुल हैं। लग्न को देखते हुए कारोबारियों में भी बेहतर कारोबार की उम्मीदें जगी हैं। इसके लिए व्यवसायी अपनी दुकानों पर हर तरह के लग्नि सामानों का मेल स्टॉक किया है। रेडीमेड कपड़े, जड़ी रहित साड़ियां, लहंगा-शेरवानी के अलावे सरार्फा बाजार में भी आभूषणों का हर मेल तैयार है। लग्न में ज्यादा मांग के कारण व्यवसायी भी उत्साहित है। मौर, सिंहोरा, पगड़ी, वरमाला आदि बनाने वाले कारीगर दिन-रात काम करने में जुटे हैं। लग्न के लिए वर-वधू पक्ष वाले भी सामानों की बुकिंग के लिए मशक्कत कर रहे हैं।

मई माह के लग्न में तेजी होने के कारण हलवाई, वाहन, पंडाल सहित अन्य की बुकिंग पहले से ही पूरी कर ली गयी है जबकि आगामी जून माह की बुकिंग को लेकर भाग-दौड़ शुरू हो गयी है। वैसे लोगों को ढूंढने से भी कई सामान नही मिल रहे है। हालांकि लोग निर्धारित रेट से भी अधिक राशि देने को तैयार हैं। बुकिंग फूल होने के कारण दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। कई वर पक्ष के लोग बैंड-बाजा, वाहन, हलवाई की बुकिंग के लिए पड़ोसी राज्य यूपी के बलिया, गाजीपुर और बनारस के दौड़ लगा रहे है।

मंडियों में लग्न की बिक्री की शुरूआत होते ही दुकानदारों के चेहरे पर रौनक आ गयी है। व्यवसायी अविनाश कुमार, पिंटू जायसवाल, शिवजी खेमानी, अभिषेक केशरी, राजकुमार गुप्ता, भगवानजी वर्मा ने बताया कि दो मई से मंडियों में अधिक चहल-पहल बढ़ेगी और शादी-विवाह के सामानों की बिक्री परवान चढ़ेगी। वैवाहिक बंधन में बंधने वाले जोड़े के लिए हर तरह की शेरवानी और कढ़ाईदार रंग-बिरंगे लहंगा के अलावे कई डिजाइनों में ज्वेलरी से दुकानें सज गयी है।

### मई-जून में विवाह मुहूर्त

**मई माह-** 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 15, 16, 20, 21, 22, 26, 27, 28, 29, 30 व 31 मई

**जून माह-** 1, 3, 4, 6, 7, 11, 12, 13, 22, 23, 25, 26, 27, 28 व 29 जून

### लग्नि सामानों का बाजार भाव

| समाग्री | रेट | समाग्री | रेट |
|---|---|---|---|
| लहंगा चुनरी- | 3000 से 40 हजार तक | मौर- | 150 से 350 रुपये तक |
| शेरवानी- | 2000 से 20 हजार तक | सिंहोरा- | 125 से 400 रुपये तक |
| सिल्क साड़ी- | 3000 से 10 हजार तक | वरमाला - | 300 से 700 रुपये तक |
| पगड़ी- | 100 से 500 रुपये तक | जयमाल थाली - | 150 से 350 रुपये तक |

## सिकरौल थाना क्षेत्र के रेंका पांडेयपुर गांव की घटना, जांच में जुटी पुलिस

# दरवाजे पर सो रहे व्यक्ति की गला रेत हत्या, बच्चों को भनक तक नहीं लगी

- अक्षय पांडेय उर्फ बड़े पांडेय की देर रात अज्ञात ने ले ली जान
- मृतक की पत्नी ने एक व्यक्ति के खिलाफ दर्ज कराया नामजद एफआईआर

**केटी न्यूज/ डुमरांव**

सिकरौल थाना क्षेत्र के रेंका पांडेयपुर गांव में दरवाजे पर सो रहे एक व्यक्ति की धारदार हथियार से गला रेत नृशंस हत्या कर दी गई है। घटना शुक्रवार रात की है। सुबह में जब घर वालों की नींद टूटी तो खून से लथपथ उसका शव देख क्रंदन चित्कार मच गया। हालांकि मृतक के पास उसके बच्चे भी सोए थे, लेकिन बच्चों को रात में इस घटना का भनक तक नहीं लगी।

मृतक की पहचान पांडेयपुर के रामेश्वर पांडेय के 42 वर्षीय पुत्र अक्षय कुमार पांडेय उर्फ बड़े पांडेय के रूप में की गई है। घटना की जानकारी मिलते ही सिकरौल थाने की पुलिस मौके पर पहुंच जांच में जुट गई है। अहले सुबह से ही परिजनों के क्रंदन चित्कार के कारण घटना स्थल पर सैकड़ो ग्रामीणों की भीड़ जुट गई थी। घटना के बाद से ही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। वही गांव में मायूसी छाई हुई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। जिसके बाद परिजनों ने भरे मन से अंतिम संस्कार किया। इस संबंध में मृतक की पत्नी ममता देवी ने एक व्यक्ति पर नामजद एफआईआर दर्ज कराया है। पुलिस को दिए आवेदन में मृतक की पत्नी ने बताया है कि रूपए के लेन देन में इस घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस कई बिंदुओ पर जांच कर रही है।





मृतक की फाइल फोटो।

### शराब तस्करी में कई बार जा चुका था जेल

मृतक अक्षय पांडेय शराब तस्करी से जुड़ा था। उसके घर से कई बार शराब की बड़ी खेप बरामद हो चुकी है तथा वह कई बार जेल भी जा चुका था। सूत्रों का कहना है कि हाल ही में वह जेल से बाहर आया था। इसी दौरान रात में किसी ने धारदार हथियार से उसका गला रेत दिया है। इसकी जानकारी मिलते ही परिजन बदहवास हो गए थे।

### बच्चों के साथ दरवाजे पर सोता था अक्षय

मृतक अपने बच्चों के साथ घर के बाहर दरवाजे पर सोता था। रोज की तरह शुक्रवार की रात भी वह खाना खाकर अपने बच्चों के साथ दरवाजे पर सो रहा था। देर रात किसी ने इस घटना को अंजाम दिया है। हालांकि गला रेतने के दौरान उसकी चिख पुकार किसी को सुनाई नहीं देना भी कई सवाल खड़े कर रहा है। सूत्रों का कहना है कि मृतक शराब तस्करी के साथ खुद भी शराब का सेवन करता था। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि नशे की हालत में ही उसके साथ इस घटना को अंजाम दिया गया होगा। मृतक तीन भाईयों में सबसे बड़ा था। उसे चार पुत्री व दो पुत्र भी है। हत्यारों ने मासूम बच्चों को अनाथ कर दिया है।

### क्या कहते हैं थानाध्यक्ष

इस संबंध में सिकरौल थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि मृतक की पत्नी ने एक व्यक्ति पर नामजद एफआईआर दर्ज कराया है। उन्होंने कहा कि वैसे पुलिस कई बिंदुओं पर सूक्ष्मता से जांच कर रही है। जल्दी ही इस मामले का उदभेदन कर लिया जाएगा।

## इटाढ़ी में बम फटने से महिला घायल, दो लोग हिरासत में





- जांच में जुटी पुलिस व एसएफएल की टीम
- बालदेवा गांव में सुबह में हुई घटना, मौके पर पहुंचे एसपी

**केटी न्यूज/बक्सर**

शनिवार की सुबह इटाढ़ी थाना क्षेत्र के बालदेवा गांव में बम के फटने से एक महिला जख्मी हो गई। घटना सुबह चार बजे की है। जख्मी महिला को परिजनों द्वारा स्थानीय स्तर पर इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए बनारस ले जाया गया है। वही घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस महकमा सक्रिय हो गया। स्थानीय पुलिस के साथ ही बम निरोधक दस्ता व एसएफएल की टीम मौके पर पहुंच जांच में जुट गई। बम निरोधक दस्ते द्वारा पूरे घर की तलाशी ली गई। वहीं पुलिस दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार बालदेवा गांव के रामनाथ राम की 65 वर्षीय पत्नी शांति देवी सुबह करीब चार बजे उक्त बम को लोहे का औजार समझ उससे कील ठोकने के लिए लेकर छत पर गई। जैसे ही वह बम को हथौड़ा समझ कील ठोकना चाहा तो वह ब्लास्ट कर गया। जिससे महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। बम फटने की आवाज सुन परिजन के साथ ही आस पास के लोग भी दौड़े भागे पहुंचे तथा जख्मी महिला को आनन फानन में अस्पताल पहुंचाया गया।

### कंट्री मेड है बम, कहीं नक्सलियों से तो नहीं जुड़े हैं तार

एसएफएल की प्रारंभिक जांच में बम को कंट्री मेड बताया जा रहा है। ऐसे में पुलिस इसके तार नक्सली संगठन से जोड़कर देख रही है। सूत्रों का कहना है कि बम पहले से घर में था। जबकि ऐसे कंट्री मेड बम का उपयोग अधिकांश नक्सली ही करते है। बम मिलने के बाद पुलिस ने इसे काफी गंभीरता से लिया है। इसकी गहराई से जांच की जा रही है। पुलिस इस बात का पता भी लगा रही है कि उसके घर में बम कहा से आया तथा बम रखने का क्या उदेश्य था।

**क्या कहते हैं एसपी :** इस संबंध में एसपी मनीष कुमार ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह कंट्री मेड बम है। उन्होंने कहा कि घायल महिला का इलाज परिजन बनारस में करा रहे हैं। एसएफएल की टीम इस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि बम कहां से आया था तथा घर में क्यों रखा गया था, इसकी जांच की जा रही है।

## डुमरांव में बाइक चोरों का आतंक एक ही दिन दो बाइक की चोरी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव में बाइक चोरों का आतंक काफी बढ़ गया है। आए दिन शहर के किसी न किसी इलाके से बाइक चोरी की घटना सामने आ रही है। शुक्रवार को एक ही दिन बाइक चोरों ने दो बाइकों की चोरी कर पुलिस को तगड़ी चुनौती पेश की है। जानकारी के अनुसार पहली घटना प्रखंड कार्यालय परिसर की है। यहां पेशे से अधिवक्ता तथा डुमरांव के निबंधन कार्यालय में दस्तावेज लेखन का कार्य करने वाले शिवजी श्रीवास्तव की बाइक चोरों ने चुरा ली है।

पुलिस को दिए आवेदन में ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के ओझवलिया गांव निवासी अधिवक्ता ने बताया है कि वे दस्तावेज लेखन के लिए प्रखंड कार्यालय परिसर आए थे। अपनी बाइक जिसका नंबर बीआर 44 बी 9611 को शिव मंदिर के पास खड़ा किए थे। शाम करीब चार बजे जब बाइक लेने पहुंचे तो उनकी बाइक वहा से गायब थी। वही दूसरी घटना शुक्रवार देर शाम नगर के शहीद मर्द के पास की है। नया भोजपुर का बीरेन्द्र चौधरी नामक युवक अपने किसी परिचित के यहा शादी समारोह में भाग लेने आया था। इस दौरान वह अपनी हिरो कंपनी की ग्लैमर बाइक जिसका नंबर बीआर 44 एम 2264 को गली में खड़ा किया था। थोड़ी देर बाद जब वापस आया तो उसकी बाइक गायब थी। दोनों ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। एक ही दिन में बाइक चोरी की दो घटनाओं के बाद कई सवाल खड़े हो रहे है।

## किशोरी को वैश्यालय में बेचने वालों को 20-20 वर्ष की सजा

**बक्सर।** किशोरी को बहाने से एक महिला ने अपने घर बुलाया। दो लोग उसे लेकर वाराणसी चले गए। जहां उसके साथ दुष्कर्म किया गया। इतना ही नहीं उसे ले जाकर मुंबई के एक वेश्यालय में बेच दिया गया। जब इसकी कलई खुली तो नगर थाने में इसकी प्राथमिकी दर्ज हुई। यह वाकया 30 सितंबर 2014 का है। शनिवार को सभी पक्षों को सुनने के बाद पॉक्सो कोर्ट के विशेष जज सह अपर जिला व सत्र न्यायाधीश छह विवेक राय ने तीन दोषियों को बीस-बीस वर्ष की सजा सुनाई है। पॉक्सो कोर्ट के लोक अभियोजक सुरेश सिंह ने बताया कि यह घटना 14 वर्ष की एक किशोरी के साथ हुई थी। जिसके बयान पर पप्पू दलाल, मुन्ना अंसारी व शाहिना खातून के खिलाफ नगर थाने में 75/ 2014 प्राथमिकी दर्ज हुई थी।

## सिकरौल में करंट की चपेट में आने से किशोर की दर्दनाक मौत

**केटी न्यूज/नावानगर**

सिकरौल थाना के बसमनपुर गांव में करंट की चपेट में आने से एक किशोर की घटनास्थल पर मौत हो गई। मृतक बसमनपुर गांव निवासी जय प्रकाश पांडेय के 12 वर्षीय पुत्र अंकित पांडेय बताया जाता है। घटना शनिवार की है। जहां धारा प्रवाहित विद्युत तार पोल से टूटकर नीचे गिरा हुआ था। उसी के चपेट में किशोर आ गया था।

इधर इस घटना को लेकर ग्रामीणों में बिजली कंपनी के अधिकारियों व कर्मियों के प्रति आक्रोश व्याप्त है। बताया जाता है कि किशोर गांव के बाहर शौच के लिए गया था। तभी एक खेत में टूट कर गिरे धारा प्रवाहित तार के चपेट में आ गया। जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। उधर से गुजर रहे एक युवक की नजर जब उस पर पड़ी तो वह शोरगुल कर अन्य लोगों तथा उसके परिजनों को इस घटना की जानकारी दिया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने बिजली आपूर्ति बंद करा उसे वहा से उठा बेलाव के एक चिकित्सक के पास इलाज के लिए ले गए। लेकिन डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने कागजी कार्रवाई के बाद शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बक्सर भेज दिया है। इधर किशोर की मौत से उसके परिजनों के चित्कार से पूरा गांव गमगीन हो गया है। इस संबंध में सिकरौल थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि करंट लगने से एक किशोर की मौत हो गई है। इस मामला में यूडी केस दर्ज कर लिया गया है।

## पुलिस पर हमला मामले में सात नामजद पर एफआईआर दर्ज

**नावानगर।** केसठ में नावानगर थाने की पुलिस टीम पर हमला मामले में सात नामजद एवं दर्जनभर अज्ञात पर एसआई अमन कुमार ने एफआईआर दर्ज कराया है। दर्ज एफआईआर में एसआई ने बताया है कि केसठ गांव निवासी राकेश कुमार अपने घर में अवैध हथियार रखने की सूचना पर छापेमारी करने पहुंची। छापेमारी में राकेश की जेब से तीन कारतूस बरामद हुआ। जिसमें दो जिंदा तथा एक मिस फायर की गोली थी। इसके बाद राकेश को पकड़ थाना लाने लगे। तभी राकेश कुमार व उसके परिजन कांति देवी, राजमहली देवी, कृष्णा पासी, गोरख पासी, जितेंद्र पासी, गुलबिया कुमारी समेत अन्य लोगों ने उनकी टीम पर अनेकों तरह से हमला कर सभी को जख्मी कर दिया।

## एक नजर

### रक्तदान कर मनाई गई मिल्लू चौधरी की पुण्यतिथि, अर्पित किए गए श्रद्धा सुमन



**बक्सर।** बसपा नेता तथा ब्रह्मपुर विस के पूर्व प्रत्याशी रहे स्व मिल्लू चौधरी की पुण्यतिथि शनिवार को बक्सर में मनाई गई। पूण्य तिथि कार्यक्रम स्व चौधरी द्वारा स्थापित एकलव्य पब्लिक स्कूल परिसर में आयोजित किया गया था। जिसकी शुरूआत स्व चौधरी के तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। मौके पर रेडक्रास के सौजन्य से रक्तदान शिविर भी आयोजित किया गया था। श्रद्धांजलि सभा का संचालन रामजी श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन एकलव्य पब्लिक स्कूल एवं भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी बक्सर के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था। रक्तदान शिविर में बंटी कुमार सिंह, रंजीत कुमार सिंह, शराफत हुसैन, बबलू सिंह, नंदेश्वर राय, राहुल सम्राट, सोनू कुमार, राधा रमण तिवारी, भरत चौधरी, राधेश्याम समेत अन्य ने रक्तदान किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा उनकी स्मृति में निःशुल्क नामांकन कार्यक्रम भी चलाया।

### पराली जलाने से छह कट्ठा में लगा बागीचा जला

**चौगाई।** कृषि विभाग द्वारा पराली जलाने वालें किसानों पर कार्रवाई नहीं करने पर 15 कृषि समन्वयकों का वेतन बंद कर दिया गया है। बावजूद किसान अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहे हैं। इस कार्रवाई के अगले दिन ही शुक्रवार को चौगाई प्रखंड के मसर्हियां में किसानों द्वारा जलाई गई पराली की आग से छह कट्ठे में लगा एक बागीचा पूरी तरह से जल गया है। जिस कारण किसान को लाखों रूपए का नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को लगभग साढ़े पांच बजे शाम में किसानों के द्वारा अपने खेतो में गेंहू का पराली जलाया जा रहा था। लेकिन देखते ही देखते आग बढ़ गया और पास में स्थित स्थानीय गांव के शशिभूषण सिंह के बागीचा को अपनी आगोश में ले लिया। इस घटना में बागीचा में लगे सागवान के 30, आम के 8 तथा शीशम के 6 समेत कुल 44 पौधे जल गए हैं।

## नंदन गांव में आयोजित श्रीलक्ष्मीनारायण सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ में प्रवचन कर रहे विवेक भूषण

# मनु और शतरूपा ही इस सृष्टि के पहले मनुष्य थे, हम सब उन्हीं की संतान

**केटी न्यूज/डुमरांव**





अनुमंडल मुख्यालय से सटे नंदन गांव में आयोजित हो रहे लक्ष्मीनारायण सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ के तीसरे दिन प्रवचन के दौरान मस्त राम बाबा के परम शिष्य विवेक भूषण जी महाराज ने मनु और शतरूपा प्रसंग का वर्णन किया। प्रवचन के दौरान उन्होंने कहा कि मनु और शतरूपा ही इस सृष्टि के पहले मनुष्य थे। हम सब उन्ही के संतान है। स्वामी जी महाराज ने कहा कि मनु के वंशज होने के कारण ही हम मनुष्य कहलाते हैं। उन्होंने कहा कि मनुष्य वही है जिनके हृदय में दिव्य ज्ञान का प्रकाश प्रकाशित होता है। उन्होंने कहा कि जो जीवो पर दया दिखाए, भाई चारा की भावना रखे तथा मन परमात्मा की शरण में लगाए वही मनुष्य कहलाने का अधिकारी होता है। इसके अलावे उन्होंने कहा कि धर्मयुक्त राजनीति ही समाज और देश का कल्याण करती है। उन्होंने कहा कि पहले राजा से भी उपर धर्मगुरू होते थे। इस कारण राजा प्रजा का ख्याल रखता था तथा राज्य में अधर्म नहीं होते थे। लेकिन अब ऐसा नहीं हो रहा है। इसके पहले इस यज्ञ के तीसरे दिन हजारों श्रद्धालुओं ने मंडल परिक्रमा कर प्रसाद ग्रहण किया। शाम में आयोजित होने वाले रामलीला व रासलीला आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। वहीं यज्ञ के आयोजन से इलाके का माहौल भक्तिमय बन गया है।

## बसपा सांसद अफजाल अंसारी, माफिया मुख्तार अंसारी व बाहुबली हरिहर सिंह को सुनाई गई सजा

# गैंगेस्टर मामले में माफिया मुख्तार अंसारी को 10 वर्ष की सजा, पांच लाख रुपए का अर्थदंड



**केटी न्यूज/गाजीपुर**

बसपा सांसद अफजाल अंसारी और माफिया मुख्तार अंसारी पर गैंगस्टर के मामले में शनिवार को एमपी/एमएलए कोर्ट में फैसला सुनाते हुए विद्वान न्यायाधीश ने मुख्तार अंसारी को दोषी पाते हुए 10 वर्ष का कारावास और पांच लाख का अर्थदंड लगाया है। जबकि इसी मामले में सांसद अफजाल अंसारी पर फैसला अभी तक नहीं आया है। बता दें कि न्यायाधीश के अवकाश पर रहने के कारण बीते 15 अप्रैल को फैसला नहीं आ सका था। वर्ष 2007 में पूर्व विधायक कृष्णानंद राय की हत्या के इस मामले में बीते एक अप्रैल को बहस और सुनवाई पूरी कर ली गयी थी और 15 अप्रैल को फैसला आना था।

इस प्रकरण में अफजाल अंसारी व मुख्तार अंसारी के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत एमपी/एमएलए कोर्ट में चल रहे इस केस में बीजेपी विधायक कृष्णानंद राय हत्याकांड केस गैंग चार्ट में शामिल है। वहीं नन्द किशोर रूंगटा के अपहरण और हत्या का केस भी गैंग चार्ट में शामिल है। 29 नवंबर 2005 को गाजीपुर के भांवरकोल थाना अंतर्गत सियाड़ी गांव में भाजपा विधायक कृष्णानंद राय सहित सात लोगों पर एके-47 जैसे अत्याधुनिक असलहों से लगभग 400 राउंड से ज्यादा फायरिंग कर उनकी हत्या कर दी गई थी। इस प्रकरण में मुकदमा दर्ज होने के बाद कोर्ट में मामला चल रहा था। फैसला ने के बाद बाहुबली मुख्तार अंसारी एवं बसपा सांसद अफजाल अंसारी के समर्थकों में मायूसी है।

**सांसद अफजाल अंसारी को चार साल की सजा, एक लाख का जुमार्ना :** बसपा सांसद अफजाल अंसारी और माफिया मुख्तार अंसारी पर गैंगस्टर के मामले में शनिवार को एमपी/एमएलए कोर्ट में फैसला सुनाते हुए विद्वान न्यायाधीश ने सांसद अफजाल अंसारी को चार वर्ष की सजा व एक लाख रुपये का अर्थदंड लगाया है। बता दें कि न्यायाधीश के अवकाश पर रहने के कारण बीते 15 अप्रैल को

### ■ एमपी/एमएलए कोर्ट में भारी मात्रा में तैनात रही पुलिस, पूरे दिन गहमागहमी

फैसला नहीं आ सका था। वर्ष 2007 के इस मामले में बीते एक अप्रैल को बहस और सुनवाई पूरी कर ली गयी थी और 15 अप्रैल को फैसला होना था। अफजाल अंसारी, मुख्तार अंसारी के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत एमपी/एमएलए कोर्ट में चल रहे इस केस में बीजेपी विधायक कृष्णानंद राय हत्याकांड केस गैंग चार्ट में शामिल है। वहीं नन्द किशोर रूंगटा के अपहरण और हत्या का केस भी गैंग चार्ट में शामिल है। 29 नवंबर 2005 को गाजीपुर के भांवरकोल थाना अंतर्गत सियाड़ी गांव में मुख्तार अंसारी के साथ मिलकर भाजपा विधायक कृष्णानंद राय सहित सात लोगों हत्या की थी। सांसद अफजाल अंसारी को सजा होने के बाद अब उनकी लोकसभा सदस्यता समाप्त हो जायेगी। जिससे जनपद की सियासत गरमा गयी है कि क्या अब उपचुनाव होगा?

**आठ माह में मुख्तार को चौथी सजा :** मुख्तार अंसारी को 22 सितंबर 2022 से 29 अप्रैल 2023 तक कुल 4 मामलों में सजा मिल चुकी है। 22 सितंबर 2022 को मुख्तार को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने 7 साल और अगले ही दिन जस्टिस दिनेश कुमार सिंह ने गैंगस्टर मामले में 5 साल की सजा सुनाई थी। इसके 85 दिन बाद यानी 15 दिसंबर 2022 को मुख्तार को कांग्रेस नेता अजय राय के बड़े भाई अवधेश राय मर्डर और एडिशनल एसपी पर हमले समेत कुल 5 मामलों में 10 साल की सजा हुई। आज गैंगस्टर मामले में मुख्तार को 10 साल की सजा हुई है। वहीं, माफिया मुख्तार अंसारी के छोटे बेटे उमर अंसारी के खिलाफ मऊ कोर्ट ने शनिवार को ठइह जारी किया है। विधानसभा चुनाव 2022 के दौरान हेट स्पीच मामले में उमर के खिलाफ वारंट जारी किया गया है। मुख्तार अंसारी की पत्नी अफशां अंसारी भी प्रॉपर्टी मामले में फरार है।

### सांसद अफजाल अंसारी का राजनीतिक सफर एक नजर



गाजीपुर सांसद अफजाल अंसारी वैसे तो छात्र जीवन से ही राजनीति से जुड़े रहे,लेकिन उन्होंने सक्रिय राजनीति में भागीदारी वर्ष 1985 के विधान सभा चुनाव से की। पहली बार वह वर्ष 1985 में भाकपा के टिकट पर चुनाव लड़े और जीतकर विधायक बने। इसके बाद उनका जीत का सिलसिला 1989,91,93 व 96 तक चलता रहा। वर्ष 2002 के विधान सभा चुनाव में वह भाजपा के कृष्णानंद राय से चुनाव हार गये। वह वर्ष 1993,96 व 2002 का चुनाव सपा के टिकट पर लड़े।

विधान सभा चुनाव हारने के बाद पार्टी ने उन्हे वर्ष 2004 में लोकसभा का टिकट दिया। इस चुनाव में वह भाजपा के मनोज सिन्हा को हराए। इस बीच 29 नवंबर 2005 को विधायक कृष्णानंद राय की हत्या के बाद जेल चले गए। जेल जाने के दौरान सपा से राजनीतिक मतभेद होने के बाद वह वर्ष 2009 का लोकसभा चुनाव गाजीपुर संसदीय सीट से बसपा के टिकट पर लड़े और चुनाव हार गये। इसके पश्चात उन्होंने अपना कौमी एकता दल बनाया। वर्ष 2014 में बलिया संसदीय सीट से चुनाव लड़े लेकिन कामयाबी नहीं मिली। इसके पश्चात वह 2019 में गाजीपुर संसदीय सीट से बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर सप बसपा गठबंधन से चुनाव लड़े और तत्कालीन केंद्रीय रेल राज्यमंत्री मनोज सिन्हा को हराकर सांसद बने। फिलहाल वह गाजीपुर के सांसद है।

### रामपति सिंह हत्याकांड में कोर्ट ने बाहुबली हरिहर सिंह को उम्र कैद

**गाजीपुर।** सैदपुर थाना क्षेत्र के रामपति सिंह हत्याकांड में कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए आरोपी बाहुबली हरिहर सिंह को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और एक लाख रुपया का अर्थदंड लगाया। अर्थदंड जमा न करने पर एक वर्ष का सश्रम कारावास भुगतना होगा। ज्ञातव्य है कि रामपति सिंह की दिनदहाड़े बाजार में कई राउंड फायरिंग कर हत्या कर दी गयी थी। सैदपुर थाने में धारा 302 के अंतर्गत हरिहर सिंह के खिलाफ अपराध संख्या 215/84 एसटी नम्बर 175/84 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज हुआ जिसमे पुलिस ने मामले की जांच कर चार्जशीट कोर्ट में पेश किया। दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के बहस सुनने के बाद न्यायालय ने आज फैसला सुनाया है।

### 2007 में दोनों का नाम गैंगस्टर चार्ट में हुआ था दर्ज

- मुख्तार अंसारी और अफजाल अंसारी के खिलाफ 2007 में यूपी के गाजीपुर जिले के मुहम्मदाबाद थाने में 2007 में मामले (क्राइम नंबर 1051 और 1052) दर्ज हुए थे।
- शासकीय अधिवक्ता नीरज श्रीवास्तव ने 22 नवंबर 2007 को गाजीपुर जिले के मोहम्मदाबाद कोतवाली में गैंगस्टर चार्ट में सांसद अफजाल अंसारी और मुख्तार अंसारी को शामिल करते हुए गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया था। 23 सितंबर 2022 को प्रथम दृष्टया दोनों के खिलाफ आरोप तय किए गए और अभियोजन पक्ष की गवाही पूरी हुई। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। शनिवार को अदालत ने मामले में मुख्तार अंसारी और अफजाल को सजा सुनाई।
- अभियोजन पक्ष के मुताबिक, गाजीपुर की विशेष सांसद-विधायक अदालत के अपर सत्र न्यायाधीश (प्रथम) दुर्गेश ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में मुख्तार अंसारी को सजा सुनाई।
- मुख्तार के खिलाफ बीजेपी विधायक कृष्णानंद राय और नंदकिशोर गुप्ता रुंगटा की हत्या के मामले में गैंगस्टर केस दर्ज हुआ था जबकि उसके भाई अफजाल पर कृष्णानंद राय की हत्या के मामले में दर्ज केस के आधार पर गैंगस्टर केस लगा था।
- 2007 में मुख्तार अंसारी और उनके भाई अफजाल अंसारी के अलावा उनके बहनोई एजाजुल हक के खिलाफ भी गैंगस्टर एक्ट के तहत केस दर्ज हुआ था। एजाजुल हक की मौत हो चुकी है।
- बीजेपी विधायक कृष्णानंद राय की हत्या 29 नवंबर 2005 में हुई थी। मोहम्मदाबाद के बसनिया चट्टी में कृष्णानंद राय समेत सात लोगों पर गोलियां बरसाकर उनकी हत्या की गई थी। हत्याकांड में एके-47 का भी इस्तेमाल हुआ था।
- गैंगस्टर एक्ट केस में 2012 में ट्रायल शुरू हुआ था। 23 सितंबर 2022 को प्रथम दृष्टया आरोप तय किए थे। इस साल 1 अप्रैल को मामले में सुनवाई पूरी हुई थी। पहले 15 अप्रैल को सजा सुनाई जानी थी लेकिन पीठासीन अधिकारी के छुट्टी पर होने की वजह से फैसला टल गया था। तब 29 अप्रैल के लिए फैसले की तारीख तय की गई थी।
- अफजाल अंसारी यूपी के गाजीपुर से बीएसपी सांसद हैं। उन्हें चार साल कारावास की सजा मिली है। सजा मिलने के कारण अब उनकी संसद सदस्यता भी समाप्त हो सकती है। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम कहता है कि फौजदारी मामले में दो साल या उससे ज्यादा की सजा पाने वाले किसी भी व्यक्ति को ऐसी सजा की तारीख से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और जेल में समय बिताने के बाद छह साल के लिए अयोग्यता बरकरार रहेगी।
- मुख्तार अंसारी मऊ जिले की मऊ सदर विधानसभा सीट से लगातार पांच बार विधायक रह चुके हैं। मुख्तार अंसारी ने 2022 में विधानसभा चुनाव नहीं लड़ा था और उनकी सीट पर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) से किस्मत आजमा रहे उनके बेटे अब्बास अंसारी विधायक चुने गए थे। मुख्तार अंसारी इस समय आपराधिक मामलों में बांदा की एक जेल में बंद हैं।

## दो नाबालिग बहनों को भगाने के मामले में प्राथमिकी दर्ज

**केटी न्यूज/बलिया**




क्षेत्र के एक गांव से शुक्रवार की रात दो सगी नाबालिग बहनों को बहला-फुसलाकर अन्यत्र भगा ले जाने के क्रम में किशोरी के परिजनों द्वारा दोनों नाबालिग किशोरियों को सुरेमनपुर स्टेशन से अपहरणकताओं के साथ पकड़ लिया। किशोरी के परिजनों ने अपहरणकर्ता युवकों को बैरिया पुलिस के सुपुर्द कर दिया। परिजनों के तहरीर पर पुलिस ने धारा 363,366 तथा 16/17 पॉक्सो एक्ट के तहत दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के लिए चालान कर दिया।एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि क्षेत्र के टोला शिवन राय निवासी कृष्ण कुमार यादव,मनीष कुमार यादव दो किशोरियों को शुक्रवार की रात झांसा देकर अन्यत्र लेकर भागने के लिए सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंचे थे।इसकी भनक परिजनों को लग गई,परिजनों ने सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक का रात में ही घेराबंदी कर दोनों किशोरियों को कब्जे में लेने के साथ दोनों युवकों को दबोच लिया। घटना की सूचना पर बैरिया पुलिस मौके पर पहुंच गई।पुलिस ने किशोरियों के परिजनों की तहरीर पर दोनों युवकों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के सुपुर्द कर दिया।

## सपा विधायक ने दी हाथ-पैर तुड़वा देने की धमकी

**केटी न्यूज/बलिया**

यूपी नगर निकाय चुनाव में सपा उम्मीदवार के खिलाफ अपना प्रत्याशी उतारने के लिए चर्चा में रहे बलिया के सिकंदरपुर विधानसभा के सपा विधायक मोहम्मद जियाउद्दीन रिजवी फिर सुर्खियों में हैं। अब सोशल मीडिया पर एक ऑडियो वायरल हो रहा है। इसमें मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के निवर्तमान राष्ट्रीय सचिव एवं मदरसा संघ के प्रदेश अध्यक्ष सिकंदरपुर निवासी जुबेर खान सोनू को हाथ-पैर तुड़वा देने की धमकी दी जा रही है। जुबेर खां के अनुसार, धमकी देने वाले सपा विधायक मो. जियाउद्दीन रिजवी हैं। हालांकि विधायक ने इससे इन्कार किया है।

जुबेर का कहना है कि विधायक ने पार्टी उम्मीदवार के पक्ष में प्रचार करने और उनके उम्मीदवार का विरोध करने पर मोबाइल फोन के माध्यम से धमकी दी है। उसने मामले की जानकारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव समेत प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम को दे ही है। जुबेर ने आरोप लगाया कि वर्ष 2022 में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान उसने भी सिकंदरपुर विधान सभा से पार्टी का



टिकट मांगा था। तभी से विधायक नाराज चल रहे हैं। उधर, सपा विधायक मोहम्मद जियाउद्दीन रिजवी का कहना है कि उन्होंने किसी को कुछ नहीं कहा है। उनके बढ़ते जनाधार से राजनीतिक विरोधी घबराए हुए हैं। बदनाम करने के लिए आरोप लगा रहे हैं। उधर सपा जिलाध्यक्ष रामंगल यादव ने कहा कि सिकंदरपुर विधायक ने जो धमकी दी है, गलत किया है। उनको ऐसा नहीं करना चाहिए। इसकी निंदा करता हूं। जनता ने उन्हें चुना है। लोगों को सम्मान देने के लिए न की किसी को अपमानित करने के लिए।




**क्या है वायरल ऑडियो में :** वायरल ऑडियो में विधायक कह रहे हैं कि हमारे सिकंदरपुर विधानसभा में क्यों आ रहे हो, दूसरा विधानसभा बांसडीह खाली है, वहां जाओ नहीं, तो मारकर हाथ-पैर तुड़वा देंगे। जुबेर उर्फ सोनू की मानें तो विधायक उन्हें फोन पर मारकर हाथ-पैर तोड़ने की बात कह रहे हैं। सिकंदरपुर विधानसभा में अपनी पार्टी के घोषित उम्मीदवार के पक्ष में प्रचार करने से रोक रहे हैं। विधायक निर्दल उम्मीदवार को चुनाव लड़ा रहे हैं।

### पृथ्वीराज चौहान की जयंती पर जनपद में विविध कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

# हिंदुत्व की भाजपा सरकार में भी पृथ्वीराज चौहान को नहीं मिला सम्मान

**केटी न्यूज/बलिया**

जनता क्रान्ति पार्टी (राष्ट्रवादी) के तत्वावधान में पृथ्वीराज चौहान की जयंती पर शनिवार को रामपुरभोज(बंगला)गांव में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्ररक्षक पृथ्वीराज चौहान के मान सम्मान स्वाभिमान के लिए पूरे भारतवर्ष में पृथ्वीराज चौहान की जयंती मनाई जा रही है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनता क्रांति पार्टी(राष्ट्रवादी)के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश चौहान ने कहा की पृथ्वीराज चौहान भारत माता की रक्षा करते करते वीर गति को प्राप्त हुए थे, लेकिन आज भी वर्तमान हिंदुत्व की भाजपा सरकार ने




पृथ्वीराज चौहान को सम्मान देने का काम नहीं किया और भाजपा ने पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा अनावरण को भी रोकने का काम किया है।

कहा कि सपा, बसपा, भाजपा, कांग्रेस ने सत्ता पाने के लिए सभी राष्ट्रवादी देशवासियों को धोखा देने का काम किया लेकिन देश की जनता इन लोगों से सावधान हो चुकी है उनके काले कृतियों को भी समझ चुकी है। विशिष्ट अतिथि सूर्यप्रकाश चौहान पिंटू ने कहा कि पिछड़े समाज कि शिक्षा के लिए वर्तमान व पिछली सरकार ने कोई ठोस प्रयास नहीं किया।पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील चौहान राणा ने कहा की उत्तर प्रदेश में भाजपा और सपा ने पूरा ताकत लगाकर जनता को लूटने का काम किया।जनता क्रांति पार्टी राष्ट्रवादी सभी देशवासियों को निशुल्क शिक्षा एवं निशुल्क दवाई देने के लिए प्रतिज्ञाबद्ध है। और सरकार से मांग कर रही है कि सरकार तत्काल रुप से देश की जनता को निशुल्क शिक्षा देने का आह्वान करें। जयंती कार्यक्रम में बी. के. सिंह चौहान, मटरू चौहान, राजाराम चौहान, नरेंद्र सिंह चौहान, सुरेश गुप्ता, सतेंद्र चौहान, मालिकर,जय बहादुर चौहान, जयबहादुर मौर्या ,करिया चौहान,प्रदीप चौहान, पिंटू चौहान, भीम चौहान, दिलीप चौहान, वंशबहादुर चौहान, आशीष चौहान आदि उपस्थित रहे।अध्यक्षता राजबली चौहान ने व संचालन संजीव चौहान ने किया।

## एक नजर

### सुभासपा को झटका, प्रदेश महासचिव ने थामा एआईएमआईएम का दामन



**गाजीपुर।** ऑल इंडिया मजलिस इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के प्रदेश संयुक्त सचिव मोहम्मद शमीम खां व जिला अध्यक्ष अबू जफर खां की अगुवाई में शनिवार सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रदेश महासचिव खुर्शीद अहमद ने एआईएमआईएम पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर खुर्शीद अहमद ने कहा कि बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी साहब हर वर्ग हर समाज को लेकर लड़ाई लड़ने का काम करते हैं। उनके कामों से प्रभावित होकर मैंने एआईएमआईएम पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश संयुक्त सचिव मोहम्मद शमीम खान ने कहा कि बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी साहब और हाजी शौकत अली साहब की मेहनत रंग ला रही है,पार्टी का कारवॉ तेजी से बढ़ रहा है,निकाय चुनाव में चौंकाने वाले नतीजे आएंगे। इस अवसर पर जिला महासचिव डॉ. आदिल, विधानसभा अध्यक्ष इबरार अहमद, नगर अध्यक्ष अनवर अहमद सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

### नाला निर्माण कार्य समय से हो पूरा, गुणवत्ता पर रहे विशेष ध्यान: डीएम



**बलिया।** जिलाधिकारी रवींद्र कुमार ने शनिवार को होटल पार्क-इन से एनसीसी तिराहा तक बन रहे नाले का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था से निर्माण कार्य के बारे में विधिवत जानकारी ली। साफ तौर पर निर्देश दिया कि जितना जल्दी हो सके, निर्माण कार्य पूरा करा दिया जाए। निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ख्याल रखा जाए। उन्होंने कहा कि इधर के इलाकों में जलजमाव की समस्या देखी जा चुकी है। इसलिए प्रयास यही हो कि बरसात से पहले निर्माण पूरी तरह पूर्ण कर लिया जाए। चेतावनी भी दिया कि अगर समय से कार्य पूरा नहीं हुआ और गुणवत्ता में कमी दिखाई दी तो संबंधित इंजीनियर और ठेकेदार पर कड़ी कार्रवाई होगी। इसके बाद जिलाधिकारी विजयीपुर स्थित रेगुलेटर पर पहुंच रेगुलेटर लगाने के कार्य का निरीक्षण किया। सिंचाई विभाग के इंजीनियर से प्रोजेक्ट के बारे में पूरी जानकारी ली और शीघ्र कार्य पूर्ण कर अवगत कराने के निर्देश दिए। इस दौरान सीडीओ प्रवीण वर्मा के अलावा लोक निर्माण विभाग व सिंचाई विभाग के इंजीनियर साथ थे।

### मेधावी छात्र- छात्राओं को दिया गया सम्मान



गाजीपुर। मरदह क्षेत्र के डॉ. भीमराव अंबेडकर आर्दश इंटर कॉलेज टिसौरी परिसर में शनिवार को हाई स्कूल व इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह किया गया। जिसमें विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने पर हाईस्कूल की छात्रा जिज्ञासा राजभर, श्वेता राजभर, प्रिया राजभर, मंगेश कुमार, अजीत गोंड, निधी पाल, अंशु भारती, विशाल मौर्या, सोहानी गोंड व इण्टर की छात्रा सलोनी शर्मा, हर्षिता भास्कर, रीना मौर्या, गुंजा कुमारी, अमृता गोंड, रानी यादव, प्रीति रंजन, अजीत कुमार, संजना कुमारी को माल्यार्पण कर मेडल, स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र, दीवाल घड़ी देकर सम्मानित करते हुए उत्साह वर्धन किया गया। इस अवसर कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष सुनील राम ने छात्र छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर उन्हें आर्शिवचन देते हुए कहा कि किसी भी परीक्षा में पास या फेल मायने नहीं रखता परन्तु प्रतिभाग जरूरी होता है, विद्यालय का परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा जिससे विद्यालय परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है। विद्यार्थी अपने जीवन को शिक्षा ग्रहण के साथ ही संस्कारवान बनाएं बड़े बुजुर्गो का आज्ञाकारी बने,गुरूजनों का सम्मान करें तो उनके सामने हमेशा मंजिल नतमस्तक होगी।सच्चे मन से की गई मेहनत रंग लाती है। यह आज सिद्ध किया प्रदेश से लेकर गांव तक की बेटियों ने जिससे अन्य विद्यार्थियों को प्रेरणा लेकर पढ़ाई पूरी करनी चाहिए।

### निकाय चुनाव को लेकर वाहन जांच तेज



**मऊ।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 के दृष्टिगत जिलाधिकारी के निर्देश पर शहर के प्रमुख चौराहों पर वाहनों की सघन तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान जिलाधिकारी एवम् पुलिस अधीक्षक भी मौके पर मौजूद रहे। तलाशी अभियान के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था के आकलन के साथ ही वाहनों में लगे काले फिल्म को भी उतारने का कार्य किया गया। नगर के गाजीपुर चौराहे पर एआरटीओ कहकसा खातून एवं ट्रैफिक इंस्पेक्टर के नेतृत्व में यह अभियान चलाया जा रहा था, तभी मौके पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक भी पहुंचे एवं तलाशी अभियान के साथ ही साथ चौराहे की ट्रैफिक व्यवस्था के संदर्भ में भी आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने चुनाव के दृष्टिगत संदेहास्पद एवं काली फिल्म लगे वाहनों की सघन जांच अवश्य करने के निर्देश एआरटीओ को दिए। साथ ही इस अभियान को पूरे चुनावी प्रक्रिया के समाप्ति तक लगातार चलाए रखने को भी कहा। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री अविनाश पांडे के अलावा नगर मजिस्ट्रेट श्री नीतीश कुमार, उप जिलाधिकारी सदर तहसीलदार सदर मौके पर उपस्थित रहे।

### डीएम व एसपी ने बूथों का किया निरीक्षण



**मऊ।** जिलाधिकारी अरुण कुमार ने पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे के साथ नगर पालिका परिषद क्षेत्र स्थित कई अति संवेदनशील बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान तालीमुद्दीन इंटर कॉलेज स्थित 6, मदरसा आलिया स्थित 5, मदरसा आलिया गर्ल्स इंटर कॉलेज स्थित 6, मदरसा मफ्ताहुल स्थित 6, प्राथमिक विद्यालय मुगलपुरा स्थित 6, मदरसा मिफ्ताहुल उलूम मलिक टोला स्थित 8, मदरसा फैज ए आम स्थित 6,मुस्लिम इंटर कॉलेज स्थित 5 एवं तालीमुद्दीन गर्ल्स इंटर कॉलेज खीरीबाग स्थित 4 बूथों का निरीक्षण जिलाधिकारी द्वारा किया गया। इन बूथों के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बूथों पर समस्त मूलभूत व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने समस्त बूथों पर पर्याप्त मात्रा में प्रकाश की उपलब्धता, बिजली, पानी, अंदर एवं बाहर आने जाने के रास्ते आदि की बेहतर व्यवस्था करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बूथों के निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक के अलावा नगर मजिस्ट्रेट नीतीश कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी सदर आनंद कनौजिया, तहसीलदार सदर उमेश सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद दिनेश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।